भजन 39

इतनी मेहर करना मेरे सतगुरू, जब प्राण तन से निकलें
साहिब नाम लेते लेते, मेरी जान तन से निकले – 2

1 मानसरोवर का ही तट हो, मेरी सुरति तुम में बस हो
मेरा साहिब मेरे निकट हों, जब प्राण तन से निकलें .... इतनी मेहर करना –

2 मेरे सन्मुख सतगुरू खड़ा हो, उसके हाथ में मेरा हाथ हो
तेरा दर्शन हर पल पल हो, जब प्राण तन से निकले .... इतनी मेहर करना –

3 जब अंतिम मेरा पल हो, हर श्वांस में सार सब्द हो
सुरति में प्रेम का रस हो, जब प्राण तन से निकलें .... इतनी मेहर करना –

4 साहिब ये ही मेरी अर्ज़ है, मानों तो क्या हर्ज है
हर श्वांस में तुम मेरे संग हो, जब प्राण तन से निकले .... इतनी मेहर करना –

5 तुम सुरति सूं ले जाना, हंसों के देस पहुंचाना
चरणों में तेरे मेरा घर हो, अब जीव जन्म मरन से निकले ....इतनी मेहर करना –

इतनी मेहर करना मेरे सतगुरू, जब प्राण तन से निकलें
साहिब नाम लेते लेते, मेरी जान तन से निकले – 2

–0–

ग

भजन 40

पायो जी मैनें पूर्ण सतगुरू पायो, पायो जी मैनें पूर्ण सतगुरू पायो ।

1 पित्र पिण्ड पे संकट बन आयो, पल में पीड़ भगायो। पायो जी मैनें –

2 दो पल में पूर्ण संत मिलायो, जो सतलोक की महिमां गायो। पायो जी मैनें –

3 सतनाम की गेंद दे कर, हमको जन्म मरन से छुड़ायो। पायो जी मैनें –

4 मोहे सत्संग मार्ग दर्श करायो, जिज्ञासा ओर बड़ायो। पायो जी मैनें –

5 पूर्ण संत मोक्ष राज़ बतायो, कैसे आत्म हंसा बन पायो। पायो जी मैनें –

6 दे अमृत रस मीरां बनायो, प्रेम से आत्म जगायो। पायो जी मैनें –

7 राम नाम सूं धनी बनायो, मौक्ष राह बतायो। पायो जी मैनें –

पायो जी मैनें पूर्ण सतगुरू पायो, पायो जी मैनें पूर्ण सतगुरू पायो ।

–0–

भजन 41

ईबादत करने दे मुझको, मैनें पाना है तुझको – २

1 कंई जन्म मैनें हैं काटे, बस पाने को तुझको। ईबादत करने दे –

2 अब रहना ना यहां मुझको, मैनें पा लिया तुझको। ईबादत करने दे –

3 सतलोक जा के इस पल, मैनें पाना साहिबन को। ईबादत करने दे –

4 पा लिया है सब कुछ, अब कुछ चाह नहीं मुझको। ईबादत करने दे –

5 कंई जन्म हैं मैने काटे, तब सतगुरू मिले हैं मुझको। ईबादत करने दे –

6 सतगुरू के संग अब, निजघर जाना है मुझको। ईबादत करने दे –

7 वो प्रीतम हैं मेरे, उन से प्रीत मिली मुझको। ईबादत करने दे –

ईबादत करने दे मुझको, मैनें पाना है तुझको – २

–0–

भजन 42

मेरे साहिब नहीं हैं दूर, मेरे साहिब नहीं हैं दूर।

1 जैसे सुहागिन, मांग में भरती है सिंदूर । मेरे साहिब –

2 प्रेम की माला पहना कर, कर दिया है मुझको पूर । मेरे साहिब –

3 तुझसे मिलकर पा लिया है, भक्ति का सारा नूर । मेरे साहिब –

4 दास बन के कर दिया, नशा जग का चूर । मेरे साहिब –

5 सार सब्द देकर कर दिया, मन माया से दूर । मेरे साहिब –

6 सतगुरू मुझको दे के सहारा, कर दिया भव पार । मेरे साहिब –

मेरे साहिब नहीं हैं दूर, मेरे साहिब नहीं हैं दूर।

–0–

भजन 43

तुझ बिन मुझ को चैन ना आवे,
कैसे कटेगी रैन साहिब जी कैसे कटेगी रैन।

1 बन मनी लोहा हीरा बनाया, प्रेम की वर्षा । साहिब जी –

2 जन्म जन्म के बंधन काटे, दे के हमको सार नाम । साहिब जी –

3 पाप पुण्य भेद तूने मिटाया, कर दी आत्म चेतन । साहिब जी –

4 हर पल मेरी सांस में रहते, जैसे सूरज में तेज । साहिब जी –

5 हर पल मेरी ख़बर हो रखते, जैसे माँ नवजात । साहिब जी –

तुझ बिन मुझ को चैन ना आवे,
कैसे कटेगी रैन साहिब जी कैसे कटेगी रैन।

–0–

भजन 44

मोहे साहिब मिलन की आस, मोहे साहिब मिलन की आस।

1 मंदिर मस्जिद में ढूंढयो, कहीं भुजी ना प्यास,
पूर्ण संत को जानेया, सतपुरूष पायो पास । मोहे साहिब –

2 मेरे प्यारे सतगुरू, जो घूमें बन के दास,
ना वो बसें काशी में, नांहि वो कैलाश,
वो तो बसते हैं, पूर्ण विश्वास में। मोहे साहिब –

3 इन नैनों को बंद करूं, तो पाऊँ उन्हें पास,
नैन खुले तो, सारा अंबर उनका वास । मोहे साहिब –

4 दर्द ह्रदय में उठता, और कुछ ना आवे रास,
रात को उठ उठ जागूं, जब पाऊँ ना उनको पास । मोहे साहिब –

5 जन्म जन्म की प्यास भुजी, आके सतगुरू द्वार,
सार नाम से मन माया का, किया उसने नाश । मोहे साहिब –

मोहे साहिब मिलन की आस, मोहे साहिब मिलन की आस।

–0–

भजन 45

ओ साहिबा मोरे, अब तो पधारो मारे देस,
ओ साहिबा मोरे, अब तो पधारो मारे देस।

1 नैनन नूं चैन ना आवे, तूं बैठा परदेस । ओ साहिबा मोरे –

2 पत्तियां लिख लिख कैसे भेजूं, करूं पीड़ उल्लेख । ओ साहिबा मोरे –

3 पीड़ा मेरी बड़त जात है, किस को सुनाऊँ अपना क्लेश । ओ साहिबा मोरे –

4 धन्य हो गई मैं तो, जन्म जो पाई सतगुरू देस । ओ साहिबा मोरे –

5 पूर्ण संत पा, मिटा मोरा सारा क्लेश । ओ साहिबा मोरे –

6 प्रीत प्रेम विश्वास से भरा, सतगुरू प्रेम संदेश । ओ साहिबा मोरे –

ओ साहिबा मोरे, अब तो पधारो मारे देस,
ओ साहिबा मोरे, अब तो पधारो मारे देस।

–0–

भजन 46

सांसों की माला पे, सिमरूं मैं साहिबन नाम,
सांसों की माला पे, सिमरूं मैं साहिबन नाम।

1 प्रीत की माला रटते रटते, हो गई मीरा घनश्याम,
सत नाम की माला पहन के, पाऊँ मैं निजधाम । सांसों की माला –

2 साहिब की जो प्रीत मिली, हो गई मैं धनवान,
इस प्रीत प्रेम संग, जाना है निजधाम । सांसों की माला –

3 साहिब मेरे प्राणों से प्यारे, करते जगत कल्याण,
प्रेम प्रीति के बड़ते बड़ते, पाई मैं आत्म ज्ञान । सांसों की माला –

4 साहिब मिलन का है, अब तो ईन्तज़ार,
कब जाऊँ कब पाऊं, हो जाऊँ अंतर ध्यान । सांसों की माला –

5 बड़ती प्यास कैसे भुजाऊँ, दिन दिन बड़ती जात,
साहिब मेरे रखते हैं, मेरा हर पल ध्यान । सांसों की माला –

सांसों की माला पे, सिमरूं मैं साहिबन नाम,
सांसों की माला पे, सिमरूं मैं साहिबन नाम।

–0–

भजन 47

मेरे साहिबा मेरे साहिबा मेरे विधाता के रंग विच रंग गई आं – २

1 प्रीत जो तेरी मुझ संग लागी, थी मैं बड़ी भाग्यशाली,
बिन मांगे सब पा गई रे। मेरे साहिब मेरे – २

2 वादा सी तेरा साथ रहां गा, पल पल तेरे पास रहां गा,
बस गये मेरे दिल विच मेरे। मेरे साहिब मेरे – २

3 सांसों में मेरे हर पल रहता, आत्म बन हंसा मुझसे कहती,
प्रीत से तेरी जागी रे। मेरे साहिब मेरे – २

4 तुझ बिन अब तो कुछ ना भावे, हर पल तेरी याद सतावे,
याद में तेरी निज भूल गयो रे। मेरे साहिब मेरे – २

5 प्रेम से तुझको पूर्ण पाया, हृदय में है अपने बसाया,
कम ना हो प्रीत वचन दे रे। मेरे साहिब मेरे – २

6 सूरत तेरी प्यारी कितनी, बसती है नैनों में हमरी,
पाकर तुझको पूर्ण हुई रे। मेरे साहिब मेरे – २

मेरे साहिबा मेरे साहिबा मेरे विधाता के रंग विच रंग गई आं – २

–0–

भजन 48

मेरे तो साहिब सतगुरू, दूसरो ना कोई – २

1 जाके हाथ में कागज़ कलमी, मेरो साहिब वोहि होए – २ मेरे तो साहिब –

2 जाके नैनन प्रेम भरा, सुरति सूं मन मिटाये – २ मेरे तो साहिब –

3 सूरत उनकी तेज भरी, वस्त्र सफ़ेद ही धारी रे – २ मेरे तो साहिब –

4 रेशम जैसे केश हैं उनके, आत्म जोत बन आये रे – २ मेरे तो साहिब –

5 साधक पे वह मान लुटावें, पूर्ण संत वो मारे रे – २ मेरे तो साहिब –

6 देवी देव भी शीष झुकावें, सतपुरूष संत रूप में आये – २ मेरे तो साहिब –

7 ना हाथों में मुरली थामी, फिर भी बंसी बजाये – २ मेरे तो साहिब –

8 राम की महिमां वो हैं गाते, सतलोक वासी कहलाये – २ मेरे तो साहिब –

9 मेरे तो साहिब हैं सतगुरू, साधा जीवन बितायें – २ मेरे तो साहिब –

मेरे तो साहिब सतगुरू, दूसरो ना कोई – २

–0–

भजन 49

साहिब जी मैं मेघा तुम वर्षा, मैं कुसुम तुम सुगंध । साहिब जी –

1 मैं सूरज तुम तेज, मैं प्यास तुम पानी । साहिब जी –

2 मैं चकौर तुम चाँद, मैं कीचड़ तुम कमल । साहिब जी –

3 मैं मछली तुम साग़र, मैं नारी तुम योवन । साहिब जी –

4 मैं मीरा तुम गिरधर, मैं सुर तुम संगीत । साहिब जी –

5 मैं ध्यान तुम सुरति, मैं काग़ज तुम कलम । साहिब जी –

6 मैं रोटी तुम अग्नि, मैं लोहा तुम पारस । साहिब जी –

1 मैं सीप तुम मोती, मैं फल तुम पेड़ । साहिब जी –

8 मैं नाव तुम किनारा, मैं बालक तुम मां । साहिब जी –

9 मैं श्वांस तुम प्राण, मैं हंसा तुम सतपुरूष । साहिब जी –

10 मैं शरीर तुम आत्म, मैं साधक तुम संत । साहिब जी –

11 मैं कीट तुम बृह्ंगा, आत्म किया हंसा । साहिब जी –

साहिब जी मैं मेघा तुम वर्षा, मैं कुसुम तुम सुगंध । साहिब जी –

–0–

भजन 50

साहिब मोरे तुझ संग, अब तो ये प्रीत है जुड़ी – २

1 कुछ ना भावे कुछ ना आवे, तेरी सुरति सूं हूं जुड़ी – २ साहिब मोरे –

2 तेरे प्रेम सूं हूं लदी, बन के माला तेरे तन से जुड़ी – २ साहिब मोरे –

3 तुझ संग जाना सब पा जाना, आये कब वो घड़ी – २ साहिब मोरे –

4 कोई आहट दूर सूं आवे, हो जाऊँ द्वारे खड़ी – २ साहिब मोरे –

5 हर पल हो मेरी सुरति में बसते, कब हूंगी संग खड़ी – २ साहिब मोरे –

6 हर पल मेरी याद में रहते, हूं मैं प्रीत से तुझ संग जुड़ी – २ साहिब मोरे –

7 कब तुझे पाऊँ संसार तर जाऊँ, इस आस में हूं पड़ी – २ साहिब मोरे –

8 पल पल अब तो है बहाना, जब सुरति सूं तुझ संग जुड़ी – २ साहिब मोरे –

साहिब मोरे तुझ संग, अब तो ये प्रीत है जुड़ी – २

–0–

भजन 51

मैं नादान मैं अन्जान, साहिब जी दियो मोहे आत्म ज्ञान – २

1 साहिब आये जग कल्याण, पा ले पा ले उनसे सब्द का दान – २ मैं नादान –

2 स्वयं सतपुरूष आये हम अन्जान, हैं वो पिता हमारे उन्हें पहचान–२ मैं नादान –

3 सतलोक है सच्चा घर तूं ले जान, छोड़ दे झूठी माया झूठ अभिमान–२ मै नादान –

4 सतगुरू सूं मोक्ष निष्चित ले जान, क्या सोया पड़ा निज को पहचान–२ मैं नादान –

5 साग़र में बूंद मिले साग़र ही जान, अब जाग सपन से निज को पहचान –२ मैं नादान –

6 साहिब सतलोक स्वामी उन्हें प्रणाम, त्रिलोक स्वामी निरंकार भगवान – २ मैं नादान –

7 जीवन है संध्या काल समान, इसको मत तूं अपना सब कुछ मान – २ मैं नादान –

8 पीतल सोने सा चमके, पर सोने की कर पहचान – २ मैं नादान –

9 जो हर मोसम रहे ईक समान, सांचा सतगुरू जान – २ मैं नादान –

10 अपनी 'मै' तज के प्यारे, सतगुरू शरणी कर प्रणाम – २ मैं नादान –

11 वो आत्म रूप को करें हंसा, इस सत्त को तूं ले जान – २ मैं नादान –

मैं नादान मैं अन्जान, साहिब जी दियो मोहे आत्म ज्ञान – २

–0–

भजन 52

ये झूठा संसार साहिब जी, ये झूठा संसार,
ये झूठा संसार, बस सांचा साहिबन दरबार – २

1 ये रिश्ते नाते झूठे, ये माल ख़जाना झूठा – २ ये झूठा संसार –

2 तुम जाग जाओ ईक बार, साहिब ले चलेंगे पार – २ ये झूठा संसार –

3 सब देखें हैं स्वर्ग नर्क द्वारे, मुझे ना जमना है बारम्बार – २ ये झूठा संसार –

4 इक सतलोक ही है मोक्ष द्वार, सतगुरू ही ले चलें उस दरबार – २ ये झूठा संसार –

5 मनुष्य जन्म जो मिला है इस बार, इसे खोना ना व्यर्थ गंवार – २ ये झूठा संसार –

6 काल पल पल है तुझपे सवार, संत से ले ले नाम तूं सार – २ ये झूठा संसार –

7 जीवित मरे जमना ना पड़े दौबारा, मेरे साहिब सभी से करते प्यार–२ ये झूठा संसार –

8 व्यर्थ ना गंवाओ अनमोल है जीवन, सतगुरू ना मिले बारम्बार–२ ये झूठा संसार –

ये झूठा संसार साहिब जी, ये झूठा संसार,
ये झूठा संसार, बस सांचा साहिबन दरबार – २

–0–

भजन 53

साहिब तेरे प्रेम से बंधी ये डौरी, तूं चाँद मैं चकौरी – २

1 जो हम बोये सो हम पाये, तुझ बिन लेखा ना बदला जाये – २ साहिब तेरे –

2 सब छोड़ा तो सब पाया जान, मांगन तो है मरन समान – २ साहिब तेरे –

3 साहिब तो हैं प्रेम की बाती, जुड़के उन संग बन जा जोती – २ साहिब तेरे –

4 जो तूं मोड़े जग सूं मूंह, जागे सतगुरू से तेरा नेह – २ साहिब तेरे –

5 जब तूं मांगे बन जाये कैदी, काल चक्र में फंसा रहे सदा ही – २ साहिब तेरे –

6 सार सब्द ही काटे तेरा जाल, चुपके से करते हैं कमाल – २ साहिब तेरे –

7 क्यूं ख़र में है पड़ा, सत्त नाम को पा ले जीते जी – २ साहिब तेरे –

8 गुरू चरणों में शीष झुका ले तूं, पल में मोक्ष पा लो जी – २ साहिब तेरे –

9 काल भरमा रहा है मन रूप में, सतगुरू के रंग में रंग लो जी – २ साहिब तेरे –

10 कर पहचान अपनी तूं आत्म नांहि, है हंसा ईस भेद को ले जान – २ साहिब तेरे –

11 सांचा घर सतलोक है, जिस को हम्हें है पाना – २ साहिब तेरे –

12 हम तो यहां मुसाफ़िर हैं, ईक दिन घर है जाना – २ साहिब तेरे –

13 युगन युगन आये सतगुरू प्यारा, मांग रहित भगत पाये उसका द्वारा – २ साहिब तेरे –

14 पूजा पाठ भक्ति है माया, नानक मीरां कबीर रविदास जी बतलाया–२ साहिब तेरे –

15 सच्चा मालिक सतपुरूष प्यारा, पा ले सतगुरू सूं उनका पता न्यारा–२ साहिब तेरे –

16 सतपुरूष हैं साथ हमने ना जाना, मन ने ना छोड़ा हमको भरमाना – २ साहिब तेरे –

17 सतगुरू भक्ति बिन नहीं निस्तारा, जागो जीवन मिले ना दौबारा – २ साहिब तेरे –

18 सार सब्द में सतपुरूष जी वासा, सतगुरू भी फ़िरते बनके दासा – २ साहिब तेरे –

19 जो जन जीवन यश में बितायो, पूर्ण संत को कभी ना पायो – २ साहिब तेरे –

20 पंच तत्व से जगत बना है, पंच तत्व में जा समायो – २ साहिब तेरे –

21 भूल चुका है तूं निज को, व्यर्थ ही जीवन गंवायो – २ साहिब तेरे –

22 दुर्लभ मानव जन्म ये पायो, मोह माया तज सत्त को पायो – २ साहिब तेरे –

23 बड़ता जा रहा अंधेरा, काल ने डाला है डेरा – २ साहिब तेरे –

24 बिन सतगुरू जीवन में, कबहु ना होत सवेरा – २ साहिब तेरे –

25 दिन दिन घटत जात है, विष तूं पिये जात है – २ साहिब तेरे –

26 बिन सब्द पाये हर पल, तूं मरत जात है – २ साहिब तेरे –

साहिब तेरे प्रेम से बंधी ये डौरी, तूं चाँद मैं चकौरी – २

–0–

भजन 54

साहिब जी तुम जो मिले, सब मिल गया है,
तुझ बिन सच्ची प्रीत कहां है – २

1 परमहंस जग जो तूं आया, आनंद ही आनंद है मैने पाया – २ तुझ बिन –

2 तुझसा प्रेमी जग में कहां है, मोह माया से तूं तो जुदा है – २ तुझ बिन –

3 तेरी प्रीति ने मुझको संभाला, जो ईच्छा थी पूर्ण कर डाला – २ तुझ बिन –

4 मैं तो हूं इस जग से भागी, तुझ संग सच्ची प्रीत जो लागी – २ तुझ बिन –

5 तेरी प्रीत से मैं तर जाऊँ, पूर्ण सतगुरू फ़िर कहां मैं पाऊँ – २ तुझ बिन –

6 हर पल अब तो वर्ष समान है, बीते जल्दी अब धीरज कहां है – २ तुझ बिन –

7 आशा तृष्णा घटती जाये, आत्म तो बस तुझको ही चाहे – २ तुझ बिन –

8 सतगुरू संग जा प्रीत जुड़ी, सब में है अब उनकी छवी – २ तुझ बिन –

9 आठों पहर मुझ संग रहते, प्रेम आत्म है मुझसे वो कहते – २ तुझ बिन –

10 साग़र में जैसे रहता पानी, सदा रहे मुझमें प्रेम की वाणी – २ तुझ बिन –

साहिब जी तुम जो मिले, सब मिल गया है,
तुझ बिन सच्ची प्रीत कहां है – २

–0–

भजन 55

हम तो हंसा सतलोक के, निरंकार ने लिया था मांग,
दे दिया था फ़िर हमको, तन मन का दान – २।

1 तन मन का देकर हमको दान, निरंकार ने बना लिया गुलाम,
पूर्ण सतगुरू जगत पधारे, सुरति सूं ले चलें निजघर निजधाम – २ हम तो –

2 मन से पनपे मोह माया, माया से अहम अंहकार,
भूल गये हम हंसा, अपना सच्चा घर बाहर – २ हम तो –

3 खर अक्षर में पड़कर, सत्त का छूटा साथ,
क्या करेगा हंसा बेचारा, पहन लिया माया वस्त्र सारा – २ हम तो –

4 संत तो आये हम्हें जगाने, लिप्त माया में हम ना माने,
मनुष्य जीवन ही है ईक मौका, छोड़ दे दुनियां है इक धोखा – २ हम तो –

5 ये तो रचा था ईक खेला, जीत के करना था सतपुरूष से मेला,
जिसने पायो सतगुरू प्यारा, उसने ना पाना जन्म दौबारा – २ हम तो –

6 सतगुरू तो है प्रेम भण्डार, डूब के करना पड़ेगा पार,
मेरे सतगुरू मुझको भजें, मैं पाऊँ विश्राम – २ हम तो –

7 बीते मेरी सुबह शाम, ले के सतगुरू नाम,
साहिब सतनाम साहिब जी साहिब सतनाम – २ हम तो –

हम तो हंसा सतलोक के, निरंकार ने लिया था मांग,
दे दिया था फ़िर हमको, तन मन का दान – २।

–0–

भजन 56

मेरे साहिब पधारे हैं, सतगुरू पधारे हैं,
वो मेरी डूबती नैया, भव पार लगाये हैं – २

1 मैं उनकी हूं दासी, बस दरस की हूं प्यासी,
वो हर पल संग मेरे, मन माया को दूर करें – २ मेरे साहिब –

2 जो माया जाल हटे, पाऊँगी पास उन्हें,
जन्मों की मेरी उदासी, सतगुरू पल में दूर करी – २ मेरे साहिब –

3 माया भक्ति से दूर करे, साहिब तो हैं पास खड़े,
वो तो प्रेम ही प्रेम हैं, तो क्यूं ना तूं उनसे जुड़े – २ मेरे साहिब –

4 वो तो हैं प्रेम के दाता, क्युं तूं उन से डरे,
वो ले के जहाज खड़े, चलो हम भी पार चलें – २ मेरे साहिब –

5 ये तो है मार्ग सरल, फ़िर क्यूं है समय का डर,
वो काटे कूकर्म मेरे, फ़िर तुझको क्या है फ़िकर – २ मेरे साहिब –

6 हैं वे सतगुरू प्यारे, सारे जग से हैं वो न्यारे,
सच्ची प्रीत सिखाते हैं, आत्म को हंसा करें – २ मेरे साहिब –

7 मेरे साहिब जो दात हैं देते, सतलोक ही दे देते हैं,
हम तो हैं उस देस के वासी, जहां हंसा ही रहते हैं – २ मेरे साहिब –

मेरे साहिब पधारे हैं, सतगुरू पधारे हैं,
वो मेरी डूबती नैया, भव पार लगाये हैं – २

–0–

भजन 57

तुझे क्या सुनाऊँ मेरे साहिबा, मेरे प्राण में तूं समा गया – २

1 दर पे जो तेरे आ गया, मुक्ति की राह वो पा गया,
अब शेष कुछ ना रह गया, जीवन लक्ष्य वो पा गया – २ तुझे क्या –
2 दिनचर्या कार्य जो भी हो, गुरू चरणों में समर्पित हो,
हम तो यहां राहगीर हैं, समय बिता घर को जाना है – २ तुझे क्या –
3 ईक साहिब ही सांचा संत है, जिस ने भव पार लगाना है,
सार नाम का रस पी कर, डुबकी मार पार जाना है – २ तुझे क्या –
4 जो तुझको मैने पाया है, सच्ची राह को मैने जाना है,
तेरे प्रेम की वर्षा में भीग कर, मन माया से छूटा साथ है – २ तुझे क्या –
5 संसार तो ईक माया है, सबको इसने खाया है,
कोई यहां ना बच पाया है, अंधेरा चारो ओर छाया है – २ तुझे क्या –
6 सतगुरू ने जो दिलाया है, उसने अंधेरे को जलाया है,
चारों तरफ़ उजियारा है, फ़िर माया ने क्यूं भरमाया हैं – २ तुझे क्या –
7 अंत समय जब आता है, तब पंछी क्यूं फड़फड़ाता है,
समुन्दर में तूफ़ान आता है, सार नाम ही पार लगाता है – २ तुझे क्या –
8 हम हर पल अपने आप को, उधार रख के मांगते हैं,
जिस कारण बारम्बार हम को, जन्म लेना पड़ता है – २ तुझे क्या –
9 जब मन माया मिट जाये, सार सब्द सूं सतगुरू प्रीति होती है,
प्रीत में आत्म जलती है, तो विरह वैराग उत्पन्न होता है – २ तुझे क्या –
10 विरह की अग्नि में जल कर, प्रेम प्रकट हो जाता है,
प्रेम के उपरांत, आनंद ही आनंद होता है – २ तुझे क्या –
11 आत्म निर्भयी निर्भव होती है, सुन आकाश प्रेम इसके अंग हैं,
सतगुरू से लागे जो प्रीति, जग से फ़िरू मैं अंखिया मीची –२ तुझे क्या –
12 जो वो दे वो मैं वो पकाऊँ, खाली बर्तन कहां से भर लाऊँ,
साहिब मेरे प्रेम की जोती, मैं सीप वो उसमे मोती – २ तुझे क्या –
13 जग को चलाये बैठे हैं, महिमां उनकी वर्णन करी ना जाये,
सार नाम सूं मान मिटाये, सब में प्रेम की जोत जगाऐं – २ तुझे क्या –
14 सतगुरू सूं प्रेम की जोत जगाकर, मन माया से मुक्ति पाऐं,
विरह वैराग़ उत्पन्न कर, परमांनद को पाऐं – २ तुझे क्या –

15 भरोसा तो है सच्चा दान, तूं चाहे अब मान ना मान,
जब तक ना होगा ये दान, कैसे प्रीत को पायेगा तूं जान – २ तुझे क्या –
16 जब सतगुरू सूं प्रीती मिली, तो सब कुछ पाया जान,
जन्मों की प्यास मिटे, ले तूं आत्म पहचान – २ तुझे क्या –
17 शरीर की सुन्दरता प्रेम नहीं, ईक दिन मिट जायेगा,
प्रेम तो है आत्म जोत, जगा लो अमर बन जायेगा – २ तुझे क्या –
18 शारीरिक प्रेम सच्चा होता तो, मृत्यु उपरांत भुलाया जाता ना,
शरीर मिटा तो रिश्ते मिटे, फ़िर ये संसार अपना कहां रे–२ तुझे क्या –
19 कचरा ही कचरा जीवन प्यारे, बिन सतगुरू सफ़ाई ना हो पाती है,
पूर्ण सतगुरू शरण में जाके, मोक्ष की राह मिल जाती है – २ तुझे क्या –

तुझे क्या सुनाऊँ मेरे साहिबा, मेरे प्राण में तूं समा गया – २

–0–

भजन 58

सोई पड़ी थी मुझको जगाया, आत्म की प्यास को तूने बुझाया,
सार रस पिलाया तूने, साहिबा सार रस पिलाया तूने – २

1 कितने जीवन मैं व्यर्थ गंवाया, अब जा के है तुझको पाया – सार रस –

2 मैं तेरी दासी जन्मों की प्यासी, कर्म जाल से है तूने बचाया – सार रस –

3 गृहस्थी में रहना मुझको सिखाया, मन माया से पीछा छुड़ाया – सार रस –

4 कीचड़ में है कमल खिलाया, चारों दिशा महकना सिखाया – सार रस –

5 खुद को भुला के तुझे है पाया, त्रिलाकी से आगे सत्तलोक भेद बताया – सार रस –

6 गुरू शिष्य रिश्ता अनमोल बनाया, संत उद्देष्य गुरू महत्व बताया – सार रस –

7 आत्म को तूने हंसा बनाया, तुझको पा कर सब कुछ है पाया – सार रस –

8 प्रेम माला से मीरा बनाया, जीवन रहस्य तूने बताया – सार रस –

9 मैं तेरी दासी दरस की प्यासी, ले चल वहां जहां के वासी – सार रस –

10 मोह के वस्त्र तभी है उदासी, दिखे जब समान सब फ़िर प्यास कहां की – सार रस –

11 कितने पर्वत पहाड़ करने पड़ेंगें पार, तो होंगे साहिबन दीदार – सार रस –

12 जब उतरेगा वस्त्र मान का, तो होगा दीदार निजरूप का – सार रस –

13 तुझको पा कर सब कुछ है पाया, जन्म जन्म का लक्ष्य पूरा हो आया – सार रस –

सोई पड़ी थी मुझको जगाया, आत्म की प्यास को तूने बुझाया,
सार रस पिलाया तूने, साहिबा सार रस पिलाया तूने – २

–0–

भजन 59

तेरा तुझको सौंप के, क्या लागे अब मेरा,
मेरा मुझमें कुछ नहीं, जो कुछ है वो तेरा – साहिब जी –

1 प्रेम की डौरी से बंधी, तूं लाया है सवेरा,
साहिब तूं लाया है सवेरा, तुझ बिन जीवन कैसा,
मुझ में तूं समाया है, साहिबा मुझ में तूं समाया है – साहिब जी –

2 चुपके से बता दे तूं, कैसे पाऊँ मैं तुझको,
सार रस में रम जाऊँ, जो मैं पाऊँ तुझको,
तेरा तुझको सौंप के, क्या लागे अब मेरा – साहिब जी –

3 पाप पुण्य की ख़बर नहीं, ध्यान सिमरन का पता नहीं,
मैं तो बस तेरी हूं दासी, मैं तो हूं तेरे दरस की प्यासी,
मेरा मुझमें कुछ नहीं, जो दिखे वो तेरा – साहिब जी –

4 तुझमें ही मैं रम जाऊँ, है यह अब आस ये मेरी,
विनती मेरी सुन ले तूं, हो गई हूं अब मैं तेरी,
तेरा तुझको सौंप के, कुछ ना लागे मेरा – साहिब जी –

5 अब तो कोई वैर नहीं, अब तो कोई ग़ैर नहीं,
तुम में खोकर खो गई हूं, तुझ संग तार जो जोड़ी,
मुझमें मेरा कुछ नहीं, जो है दिया है तेरा – साहिब जी –

तेरा तुझको सौंप के, क्या लागे अब मेरा,
मेरा मुझमें कुछ नहीं, जो कुछ है वो तेरा – साहिब जी –

–0–

भजन 60

मेरे साहिबा ओ मेरे साहिबा, तूं तो मेरा मित्र तूं ही मेरा पित्र,
तूं तो मेरा प्रेम, तूं ही मेरा स्वामी है – ओ मेरे साहिबा –

1 तुझ संग प्रीत को जाना, तुझ संग निज को पहचाना – ओ मेरे साहिबा –

2 तुझ संग जो मैं जुड़ गई, तर गई मेरी नैया हो गई पार – ओ मेरे साहिबा –

3 तुझ बिन अब कोई ना सहारा, मुझ में बहने लगी प्रीत की धारा – ओ मेरे साहिबा –

4 तूं चंदा मैं झिलमिल तारा, सब कुछ लगने लगा है प्यारा – ओ मेरे साहिबा –

5 तुझको पाऊँ तुझ में रम जाऊँ, खुली आंख तेरे दर्शन पाऊँ – ओ मेरे साहिबा –

6 सार रस में मैं खो जाऊँ, किस के लिए अब होश में आऊँ – ओ मेरे साहिबा –

7 जब सच्चा साहिबन मिल गया, आकृतियों के पिछे क्युं मैं जाऊँ – ओ मेरे साहिबा –

8 छम छम बारिश में झिलमिल सा आये, अपनी नाव में उस पार ले जाए – ओ मेरे साहिबा –

9 जहां बिन बादल वर्षा होती, बिन सूरज उजियारा है – ओ मेरे साहिबा –

10 वोही तो प्यारा देश हमारा, जहां से सतगुरू प्यारा पधारा – ओ मेरे साहिबा –

मेरे साहिबा ओ मेरे साहिबा, तूं तो मेरा मित्र तूं ही मेरा पित्र,
तूं तो मेरा प्रेम, तूं ही मेरा स्वामी है – ओ मेरे साहिबा –

–0–

भजन 61

मेरे गुरू प्यारे, मेरे गुरू बड़े प्यारे – २

1 मुझ पे कृपा बरसाने वाले, मेरी चिंता हरने वाले – २ मेरे गुरू –

2 तूं बैठा है उस पारे, ले चल मुझे उस किनारे – २ मेरे गुरू –

3 अखियों में मेरी समा रे, मेरे दुखों को हरने वाले – २ मेरे गुरू –

4 सब से प्रीती करने वाले, अमृत वर्षा बरसाने वाले – २ मेरे गुरू –

5 मेरे दुखों को हरने वाले, कर्म जाल से बचाने वाले – २ मेरे गुरू –

6 मोक्ष पथ ले जाने वाले, संगत सेवा करने वाले – २ मेरे गुरू –

7 नाम जहाज ले आने वाले, कीचड़ में कमल खिलाने वाले – २ मेरे गुरू –

8 आत्म को हंसा बनाने वाले, ७१ पीढ़ियां पार लगाने वाले – २ मेरे गुरू –

9 प्रेम जोती जगाने वाले, आवा–गमण छुड़ाने वाले – २ मेरे गुरू –

10 दुनियां को चलाने वाले, शरणागत को पार लगाने वाले – २ मेरे गुरू –

11 अंदर की राह दिखाने वाले, प्रेम की जोत जलाने वाले – २ मेरे गुरू –

मेरे गुरू प्यारे, मेरे गुरू बड़े प्यारे – २

–0–

भजन 62

साहिब मेरे मैं पाऊँ दर्शन तेरे – २
तेरे दरस से मैं तर जाऊँ – २

1 साहिब मेरे पाऊँ मैं दर्शन तेरे,
सांझ सवेरे पाऊँ मैं दरशन तेरे – २ साहिब मेरे –
2 जो तूं मिलया जीवन खिलया,
जीने का उद्देश्य है मिलया – २ साहिब मेरे –
3 छम छम नाचूं छम छम गांऊँ,
जो मैं तेरी प्रीती पाऊँ – २ साहिब मेरे –
4 जन्म मेरा सफल हो गया,
तुझ से जो सार सब्द है पाया – २ साहिब मेरे –
5 तेरी प्रीती ने मुझको जगाया,
जब पुकारा दौड़ा चला आया – २ साहिब मेरे –
6 तुझसे ही सब कुछ पाई,
अब सब की आस गंवाई – २ साहिब मेरे –
7 मैं तेरी तूं साहिबन मेरा,
तुझ संग प्रीत लगाई – २ साहिब मेरे –

साहिब मेरे मैं पाऊँ दर्शन तेरे – २
तेरे दरस से मैं तर जाऊँ – २

–0–

भजन 63

साहिब जी बड़ती प्रीत को कैसे सम्भालूं।
इस कटारी को कैसे हृदय में उतारूं।।

1 उपझ रहा जो किसे सुनाऊँ,
चीर हृदय को विराग़ कैसे दिखाऊँ। – साहिब जी
2 फैलाव प्रेम का कैसे छुपाऊँ,
त्रिलोक में किसी को ग़ैर नां पाऊँ। – साहिब जी

3 हृदय का ताल सुना नां पाऊँ,
बड़ते ताल से मैं घबराऊँ। – साहिब जी

4 सीमा प्रेम की देख नां पाऊँ,
तड़प है कैसी सह नां पाऊँ। – साहिब जी

5 कितना प्रेम है कैसे जताऊँ,
अपने फटे को किस से सिलवाऊँ। – साहिब जी

6 बहती ऊर्जा से कलम उठाऊँ,
साहिब जी को पाती लिख पाऊँ। – साहिब जी

7 वैराग़ क्या है कैसे बताऊँ,
साहिब जी हाल मैं किसे सुनाऊँ। – साहिब जी

8 तेरी ऊर्जा से लिख पाऊँ,
इस तड़प को तभी सह पाऊँ।– साहिब जी

साहिब जी बड़ती प्रीत को कैसे सम्भालूं।
इस कटारी को कैसे हृदय में उतारूं।।

–0–

भजन 64

साहिब जी तेरे पथ पे चलने लगी ।
मेरे साहिब जी तेरे पथ पे चलने लगी।।

1 तेरी ममता से हूं मैं भरी,
फ़िर भी ममता लुटाने को हूं पड़ी – साहिब जी

2 डग–मगाया जिया तूने कुछ ना कहा,
मेरी हां को सदा तथास्तु कहा – साहिब जी

3 पिता को वचन था दिया तूने पूरा किया,
मोक्ष उसको दिया वचन पूरा किया – साहिब जी

4 मान इतना दिया आँचल कम पड़ गया,
तूने क्या कर दिया कहने को कुछ ना रहा – साहिब जी

5 तेरे पथ पे चली किसी से मैं ना डरी,
तूने रक्षा की सब की रक्षा है की – साहिब जी

6 जो भी राह मिली तेरी आज्ञा से चली,
निज को जानने लगी आत्म पहचानने लगी – साहिब जी

7 वैराग़ समझ जो आया आँसु रूक ना पाया,
सब सौंप आई निज को भूल आई – साहिब जी

8 संगत सेवा का मौका दिया रहम हम पे किया,
खुशनसीबी हमारी हम जो तुझसे मिले – साहिब जी

9 चार लोक का मालिक दर्शन घर पे दिया,
तेरा शुक्रिया मेरे साहिबा तेरा शुक्रिया – साहिब जी

10 अंतिम यात्रा में आरती किया,
प्रेम लाज में सब कुछ किया – साहिब जी

11 तुम्हें समझने में देर हुई पर आत्म को जान सकी,
धीरज इतना दिया जुदाई पे उफ़ ना किया – साहिब जी

12 निज कांधा दिया यात्रा को पूरा किया,
सतलोक लिया हंसा सतलोक लिया – साहिब जी

साहिब जी तेरे पथ पे चलने लगी ।
मेरे साहिब जी तेरे पथ पे चलने लगी।।

–0–

भजन 65

खा़क में मिल जाओगे,
पर साहिब को ना पाओगे।

1 कितना ये अनमोल है जीवन,
बिन जाने ही चले जाओगे। खा़क में मिल –
2 वे नाम जी आये आवाज़ देने,
काल से ना बच पाओगे। खा़क में मिल –
3 जो भी कमाई की रे बंधया,
कुछ साथ ना ले जा पाओगे। खा़क में मिल –
4 मिल ले मेरे साहिब सूं प्यारे,
बारम्बार जन्म ना पाओगे। खा़क में मिल –
5 जे ना मिला सतगुरू प्यारा,
चक्र में फंसे रह जाओगे। खा़क में मिल –
6 जाने ले साहिब तूं बंध्या,
सतलोक ही तुम जाओगे। खा़क में मिल –
7 सतपुरूष गुरू रूप में आया कैसे तुम जानोगे,
सुन ले आवाज़ दास की तुझको पार ले जाऐंगे। खा़क में मिल –
8 पा ले पा ले साहिब तूं पा ले साहिबा,
चोदहां चौकड़ी कैसे पार लग पाओगे। खा़क में मिल –
9 खा़क में मिल जायेगा बंधेया,
जे पूर्ण सतगुरू नां पाओगे। खा़क में मिल –
10 जीवन तेरा अनमोल है बंधेया,
बिन सतगुरू कैसे मोक्ष पाओगे। खा़क में मिल –
11 जे तूं मिलना सतगुरू सूं,
ते मंज़िल तेरी नां है दूर। खा़क में मिल –

खा़क में मिल जाओगे,
पर साहिब को ना पाओगे।

–0–

भजन 66

साहिब जी ईन्सान तो अब ईन्सान खा रहा है – २

1 एक के दिमाग़ से, दूसरे में जा रहा है, – साहिब जी

2 गोला बन के, ईक दूसरे को डुबा रहा है, – साहिब जी

3 सदियों से फंसे इस भवर में, पैसा बटौरे जा रहा है, – साहिब जी

4 काल्पनिक दुनियां में, कब से जिये जा रहा है, – साहिब जी

5 मदहोशी में रहकर ईन्सान तो अब ईन्सान को खा रहा है– साहिब जी

6 किस कारण जन्मा था, भूले जा रहा है, – साहिब जी

7 प्राकृति भी बेहाल, कुछ ना कह पा रही है, – साहिब जी

8 मानसरोवर का पता नहीं, मोह में जिये जा रहा है, – साहिब जी

9 मिट्टी में मिल जाना है, अकड़ किये जा रहा है, – साहिब जी

10 स्वयं से प्रेम इतना, सब राख किये जा रहा है, – साहिब जी

11 ना कर अकड़ बंदेया, स्त्री कारण तूं जिये जा रहा है, – साहिब जी

ईन्सान तो अब ईन्सान को खा रहा है – २

–0–

घ भजन 67

सांचा नाम सांचा नाम – सतगुरू सतनाम – २
संत जी संत जी – सतगुरू सतनाम – २

1 सोये हुए जग को जगाने का काम
निजधाम हम को पहुंचाने का काम
करें हमारे संत जी उन्हें सतगुरू सतनाम – २ सांचा नाम –

2 भटके हुओं को समझाने ज्ञान
सतपुरूष जी की सत्ता महान
हम्हें समझाऐं संत जी महान – २ सांचा नाम –

3 सतगुरू सानिध्य से कटे मोह माया अज्ञान
पाप कर्मों से छुड़ाये संत जी का ज्ञान
करें हम सब का संत जी कल्याण – २ सांचा नाम –

4 सार सब्द का दे के ज्ञान
दूर भगाऐं मोह माया ज्ञान
ऐसे संत जी को हमारा प्रणाम – २ सांचा नाम –

5 कोई ना अपना अकेले हैं हम
कहां से आये कहां जायेंगे हम
संत जी की शरण में मिले ये ज्ञान – २ सांचा नाम –

6 सार सब्द का सुमिरन कर ले
संत जी के वचनों पे अमल तूं करले
छोड़ के अहंकार संत जी का हो ले
हंस तूं बन जा मिले निजधाम – २ सांचा नाम –

सांचा नाम सांचा नाम – सतगुरू सतनाम – २
संत जी संत जी – सतगुरू सतनाम – २

–0–

भजन 68

साहिब सत पुरूष मेरे – मैं तेरा तूं मेरा – २
जन्म जन्म से बिछड़ा हुआ – मैं अँश हूं तेरा – २

1 जीना मरना बिन तेरे – सब कुछ मेरा अधूरा – २
मैं तेरा तूं मेरा – मैं तेरा तूं मेरा – २

2 रहमत तेरी बिन सारा जग – प्राण बिना शरीरा – २
जैसे प्राण बिना शरीरा – मैं तेरा तूं मेरा – २

3 सूरज चँदा पृथ्वी आकाश – हर ईक में है तेरा ही जलवा – २
तुझ बिन सब अधूरा – मैं तेरा तूं मेरा – २

4 मैं कुछ भी नहीं – सब कुछ तूं है – २
सतगुरू में तूं है समाया – मैं तेरा तूं मेरा – २

5 सतगुरू जी का मिले सहारा – मैं हो जाऊँ तेरा – २
तूं मेरा मैं तेरा – मैं तेरा तूं मेरा – २

साहिब सत पुरूष मेरे – मैं तेरा तूं मेरा – २
जन्म जन्म से बिछड़ा हुआ – मैं अँश हूं तेरा – २

–0–

भजन 69

मेरा साहिब ही संग निभाए – मेरा साहिब ही संग निभाता – २
दिन भर जो भी कर्म करूं मैं – वो कर्ता बन जाता – २

1 मेरे सतगुरू – ज्ञान महांरथी – २
जो कोई उनकी – शरणी आता, ज्ञान अमृत में नहाता – मेरा साहिब –

2 मेरे सतगुरू – साहिबन प्यारे – २
जो भी उनसे प्रीत करे, उसका वह हो जाता, – मेरा साहिब –

3 मेरे सतगुरू – निर्मल निष्चल – २
साधकों का मान बड़ाये, साधकों का हो जाता – मेरा साहिब –

4 मेरे सतगुरू – साहिब सरूपा – २
आज्ञा चक्र में जो ध्यान करे, संत जी के दर्शन पाता – मेरा साहिब –

5 मेरे सतगुरू – वे नाम दास जी – २
जो कोई उनके प्रवचन सुने, अगला जन्म मानव तन पाता – मेरा साहिब –

6 मेरे सतगुरू – निजधाम वासी – २
जो कोई ध्यान प्रीत बड़ाता, संत साधक ईक हो साहिब में समाता – मेरा साहिब –

7 मेरे सतगुरू – परमहंस प्यारे – २
साधकों को हंस रूप बना के, मुक्ति मोक्ष दिलाता – मेरा साहिब –

मेरा साहिब ही संग निभाए – मेरा साहिब ही संग निभाता – २
दिन भर जो भी कर्म करूं मैं – वो कर्ता बन जाता – २

–0–

भजन 70

साहिब सतनाम – उच्चारे चला जा – २
सकल कष्ट अपने – निवारे चला जा – २

1 करेंगे साहिब – तेरी मदद हमेशा – २
तूं सीधे संत – द्वारे चला जा – २ साहिब सतनाम –

2 मनुष्य जन्म मिलता है – खुशकिस्मती से – २
साहिब भक्ति से – संवारे चला जा – २ साहिब सतनाम –

3 साहिब प्यार करते हैं – हम सभी से – २
हम उनके बालक – वो माता हमारी – २ साहिब सतनाम –

4 जग मतलबी – मतलब की दुनियांदारी – २
कोई ना अपना – मतलब की रिश्तेदारी – २ साहिब सतनाम –

5 जन्म मरन से – जो छुटकारा चाहिये – २
साहिब शरण आ – जो तेरे हितकारी – २ साहिब सतनाम –

6 जो उनकी शरण में – शीष झुकाता – २
साहिब कृपा सूं – सतगुरू को पाता – २ साहिब सतनाम –

7 सार सब्द जो – सतगुरू से पावे – २
सिमर सिमर – अपना कचरा जलावे – २ साहिब सतनाम –

8 निर्मल हो जो – संत कृपा को पावे – २
मोक्ष मिले – सतलोक वो जावे – २ साहिब सतनाम –

साहिब सतनाम – उच्चारे चला जा – २
सकल कष्ट अपने – निवारे चला जा – २

–0–

भजन 71

जमना मरना काल का खेला – हम सब हैं खिलाड़ी – २
आज कोई है मरा रे भैया – कल हमारी बारी – २

1 जन्म हुआ है नव जीवन का – खुशियां मंगल मनाओ – २
नव जीवन है साहिब से जुड़ा – इसको शीष निवाओ – २ जमना मरना –

2 दुनियां है इक झूठा सपना – मोह माया कपट व तृष्णा – २
हम सब जिसके पुजारी – दुनियां लगे है प्यारी – २ जमना मरना –

3 चार वर्ष के आते आते – भूला साहिब को सारा – २
माया ममता की धारा में – जीना लगा रे प्यारा – २ जमना मरना –

4 आई जवानी करे नादानी – मोज मस्ती शरारतें सारी की सारी – २
संगी साथी प्यारे लगे रे – नष्ट करे जवानी – २ जमना मरना –

5 लो रे भैया कमाने लगा रे – दुनियां की फीकरें सारी – २
जेब भरी है लगने लगा रे – दुनियां है अपनी सारी – २ जमना मरना –

6 लो रे भैया हो गई शादी – बड़ गई ज़िम्मेदारी – २
बीवी बच्चों संग मस्त हुआ – बन बैठा अहंकारी – २ जमना मरना –

7 कम पैसे वाले कीड़े मकौड़े – लगे उसे दुनियां सारी – २
कर के दग़ाबाजी बन बैठा – ईमानदार लीडर व्योपारी – २ जमना मरना –

8 शान–ओ–शोकत यश पाने को – बन बैठा पुजारी – २
दान करता लंगर लगाता – जै जै करे दुनियां सारी – २ जमना मरना –

9 गई जवानी आया बुढ़ापा – अस्वस्थ हुआ अहंकारी – २
ईलाज कराया काम ना आया – आऊट हो गई वारी, मर गया अहंकारी – २ जमना मरना –

10 सुनो रे साधको समझ जाओ रे – अगली हमारी वारी – २
सतगुरू प्यारे हम्हें पुकारें – व्यर्थ नां समय गंवाओ, सत्संग में आ जाओ – २ जमना मरना–

11 तज के अहम सारे वहम – साहिब के गुण गाओ – २
मुश्किल से मानव जन्म मिला है – भक्ति में इसे लगाओ, मोक्ष को पा जाओ–२ जमना मरना –

जमना मरना काल का खेला – हम सब हैं खिलाड़ी – २
आज कोई है मरा रे भैया – कल हमारी बारी – २

–0–

भजन 72

क्या महिमां क्या महिमां – मेरे संत जी दी क्या महिमां– २
मेरे संत जी भजन जो गावें – साधक सारे रज रज नहावें – २
शब्द नहीं अमृत बरसावें – क्या महिमां – २

1 साहिब का गुणगान वो करते – २
देवों का सम्मान वो करते – २
क्रौध मन को बुरा न कहते – क्या महिमां – २

2 सब गुरू मन को बुरा हैं कहते – २
मन काल को दुश्मन बताते – २
संत जी इनको मीत बनावे – क्या महिमां – २

3 साधकों का मान वो करते – २
सत्संग में उनका कचरा हरते – २
संग में बैठ ध्यान करवावें – क्या महिमां – २

4 देव मन व निरंकार जो सारे – २
जगत रच के व्यवस्था चला रे – २
जो जन इनका मान करे वो संत प्यारे – क्या महिमां – २

5 जो जन झूठ व पाप कमाते – २
नरक योनि में वासा पाते – २
जो जन मदिरा मास हैं खाते
प्रेत योनि में वासा पाते – क्या महिमां – २

6 जो जन नाग़ों को हैं पूजें – २
हज़ारों साल पाताल वो रहते – २
जो जन देवों को हैं पूजे
स्वर्ग भोग मृत्यु लोक में आते – क्या महिमां – २

7 सारे ब्रह्मण्ड का मान वो करते – २
हर देव प्राणी का मान वो करते – २
सतपुरूष की महिमां गाते
साहिब भक्ति को लक्ष्य बताते – क्या महिमां – २

8 सार सब्द सतपुरूष का वासा – २
सुरत सब्द में संत जी वासा – २
साहिब संत इस में समावें
संत कृपा से साधक पावें – क्या महिमां – २

9 सतगुरू संग प्रीत बड़ाओ – २
उनके प्रवचनों को अमल में लाओ – २
ध्यान भक्ति में चित्त लगाओ
जन्म मरन से मुक्ति पाओ – क्या महिमां – २

क्या महिमां क्या महिमां – मेरे संत जी दी क्या महिमां– २
मेरे संत जी भजन जो गावें – साधक सारे रज रज नहावें – २
शब्द नहीं अमृत बरसावें – क्या महिमां – २

–0–

भजन 73

साहिब के हम बच्चे सारे – प्राणों में साहिब समाया
स्वांस स्वांस में सिमरन कर लो – छोड़ के जग की माया

1 इस जग में क्या जीना
जो झूठ कपट और माया – २ साहिब के हम –

2 नींद से सब जाग उठो
संत जी ने अलख जगाया – २ साहिब के हम –

3 सतगुरू बांटें नाम के मोती
लूट लो छोड़ के माया – २ साहिब के हम –

4 गुज़रा समय हाथ नां आवे
कल होगा पछतावा – २ साहिब के हम –

5 सार सब्द का सुमिरन कर ले
साहिब जिस में समाया – २ साहिब के हम –

6 सुरत नाम जहाज तूं चढ़ ले
छोड़ के मोहिनी माया – २ साहिब के हम –

7 सतगुरू अमृत वर्षा करते
आत्म संग नहाओ – २ साहिब के हम –

8 अमरपुर के वासी हैं हम
निजधाम है घर हमारा – २ साहिब के हम –

साहिब के हम बच्चे सारे – प्राणों में साहिब समाया
स्वांस स्वांस में सिमरन कर लो – छोड़ के जग की माया

–0–

भजन 74

मैने पूर्ण सतगुरू पाए हैं, मेरे साहिब जिन में समाए हैं ।
ये अंतिम जन्म अब मेरा है, आगे साहिब संग बसेरा है ।।

1 मेरा तन मन गुरू को समर्पित है ।
मेरा गुरू ही प्रीतम प्यारा है ।।
गुरू संग प्रीत बड़ाऊंगी ।
अब उनकी मैं हो जाऊंगी ।। मैनें पूर्ण ——

2 ना तृष्णा है जग माया की ।
ना लालसा है इस काया की ।।
मैनें लाखों जन्म गंवाए हैं ।
पर किसी लेखे नहीं आए हैं ।। मैनें पूर्ण ——

3 ना मौक्ष की अभिलाषा है ।
ना वसुन्धरा की आषा है ।।
सच्चे प्रीतम को मैं पाऊंगी ।
गुरू संग उन में समाऊंगी ।। मैनें पूर्ण ——

4 उस प्रीतम से सुरति लगाई है ।
जन्मों की तृष्णा मिटाई है ।।
हर सूं परमानंद छाया है ।
गुरू कृपा सूं सबकुछ पाया है ।। मैनें पूर्ण ——

5 बिन सतगुरू कहां अस्तित्व मेरा है ।
मुझे महां काल ने घेरा है ।।
गुरू कृपा से सार नाम पाया है ।
जिसे सिमर—सिमर जन्मों का कचरा जलाया है।। मैनें पूर्ण —

6 जन्मों जन्मों का मैं महा पापी था ।
वासना फींकरों का अभिलाषी था ।।
सतगुरू कृपा ने ऊभारा है ।
अब गुरू बिन कहां गुज़ारा है ।। मैनें पूर्ण ——

मैने पूर्ण सतगुरू पाए हैं, मेरे साहिब जिन में समाए हैं ।
ये अंतिम जन्म अब मेरा है, आगे साहिब संग बसेरा है ।।

—0—

भजन 75

छोड़ दे बंदे 'मैं' मेरी तूं – 2, साहिब सत्संग आया कर ।
मौत तेरे सर पे खड़ी है, व्यर्थ ना समय गंवाया कर – 2 ।।

1 बाल अवस्था खेल गंवायो, जवानी गयी मोज मस्ती में ।
वासना तृष्णा कम ना हुई ये, करोड़ों जन्म गंवायो तूं ।। छोड़ दे बंदे

2 फींकरों कचरों में मस्त रहा तूं, बार बार जम के मरता रहा तूं ।
हर खुशी जग की में ग़म छुपा है, करोड़ों कष्ट उठायो तूं ।। छोड़ दे बंदे

3 अनमोल मानव जन्म मिला है, कौड़ी भाव ना गंवाया कर ।
साहिब का है अंश तूं प्यारे, इस बात पे ग़ौर फरमाया कर ।। छोड़ दे बंदे

4 जन्म मरन से जो बचना चाहे, सतगुरू शरण में आया कर ।
समर्पण हो जा गुरू चरणों में, साहिब को रिझाया कर ।। छोड़ दे बंदे

5 सतगुरू जो हुए दीन दयाल तो, सार सब्द तूं पाएगा ।
सिमर सिमर सार नाम तूं, तेरा कर्म जाल कट जाएगा ।। छोड़ दे बंदे

6 गुरू प्रवचनों पे अमल तूं कर ले, ध्यान भक्ति में चित रमा ले ।
साहिब मिलेंगे गुरू रूप में, अष्ट्म चक्र में ध्यान लगाया कर ।। छोड़ दे बंदे

7 मेरे सतगुरू वे नाम जी, शरणागत को साधक बनाएं ।
साधक को हंस रूप बना के, अपने संग उड़ा ले जाए ।
सत्यपुरूष से दें मिलवांए, सत्यपुरूष से दें मिलवांए ।। छोड़ दे बंदे

8 करोड़ों जन्मों के बिछड़े मिलावें, जन्म जन्म की तृष्णा मिटावें ।
सतगुरू प्यारे हम्हें पुकारें, सत्संग में आ जाओ तुम ।
सच्चे साहिब को पाओ तुम, सच्चे साहिब को पाओ तुम ।। छोड़ दे बंदे

छोड़ दे बंदे 'मैं' मेरी तूं – 2, साहिब सत्संग आया कर ।
मौत तेरे सर पे खड़ी है, व्यर्थ ना समय गंवाया कर – 2 ।।

–0–

भजन 76

मेरा साहिब प्रीतम प्यारा है, सच्चा सखा वो ही हमारा है।
सब नाते जग के झूठे हैं, ईक वो अविनाशी हमारा है ।।

1 करोड़ों जन्मों से हम हैं बिछड़े हुए,
साहिब को पाए बिन कहां गुज़ारा है ....मेरा साहिब प्रीतम –
2 जन्मों जन्मों से हैं सोए हुए,
माया तृष्णा में हैं खोए हुए ....मेरा साहिब प्रीतम –
3 हर जन्म में हम्हें परिवार मिला,
जिसकी मोह माया में साहिब भूला ....मेरा साहिब प्रीतम –
4 हर महा प्रलय तक सात मानव जन्म मिले,
पशु पक्षी पेड़ पर्वत कंई बार बने ....मेरा साहिब प्रीतम –
5 जन्मों जन्मों तूने कंई प्राणियों को खाया है,
कर्म फल ने तुझे घौर सताया है ....मेरा साहिब प्रीतम –
6 कर्म बंधन न तेरे खत्म हुए,
ज्यों ज्यों यत्न किए ये बड़ते गये ....मेरा साहिब प्रीतम –
7 पूजा अर्चना तप–सजदे किये,
जग के मेवे और ओहदे मिले ....मेरा साहिब प्रीतम –
8 पूजा पाठ ध्यान जितने किये,
स्वर्ग मिले पर मौक्ष ना मिले ....मेरा साहिब प्रीतम –
9 अब की बार हैं सच्चे गुरू मिले,
